# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सत्र 2022–23 से क्रियान्वयन से संबंधित एक समीक्षा बैठक दिनांक 10 नवम्बर 2022 को अपरान्ह 2 बजे से पं० ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया :

1. प्रो० एम० एस० रावत प्राचार्य, पं० ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश
2. प्रो० गुलशन कुमार ढ़ीगरा, संकायाध्यक्ष विज्ञान
3. प्रो० डी० सी० गोस्वामी, संकायाध्यक्ष कला एवं संयोजक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन
4. प्रो० डी० के० पी० चौधरी, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन
5. प्रो० विद्याधर पाण्डेय, सदस्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन

**बैठक की कार्यवाही**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप वर्तमान सत्र से स्नातक प्रथक सेमेस्टर के समस्त मुख्य (Major), गौण चयनित (Minor Elective), सह पाठ्यक्रम (Co-Curricule Course) एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill Development Courses) के विषयों की समस्त परीक्षाएँ नवीनतम पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली के अनुरूप संपादित किए जाए।
2. परीक्षा आवेदन पत्र पूरित किए जाने से पूर्व विद्यार्थियों को भारत सरकार के वेबसाइट www.abc.gov.in के माध्यम से ए0बी0सी0 (Academic Bank of Credit) आई डी अनिवार्य रूप से बनायी जानी होगी।
   विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में इस ABC-ID का उल्लेख करना आवश्यक होगा।
3. गौण चयनित (Minor Elective) विषय का संचालन सम (Even) सेमेस्टर में किया जाए। यह सुझाव प्रारंभिक कुछ सत्रों के लिए ही होगा।
4. कौशल विकास/व्यवसायिक पाठ्यक्रम इस प्रकार से विकसित किए जाए कि उससे एकीकृत एवं संबंधित उर्ध्वगामी पाठ्यक्रम धरातल पर आ सके तथा विद्यार्थियों के कौशल विकास को प्रोत्साहित कर सके।
5. सह पाठ्यक्रम (Co-Curriculem Courses) की परीक्षा OMR पर आधारित होगी तथा इसमें बहुविकल्पीय प्रकृति के 100 प्रश्न होंगे। परीक्षा की समयावधि 2 घंटा होगी तथा उत्तीर्णांक 40 होगा।
6. परीक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने के उद्देश्य से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न पत्र का प्रारूप मुख्य(Major), गौण चयनित (Minor Elective) विषय के लिए निम्नवत होगा :
   प्रत्येक प्रश्न पत्र दो खण्डों–खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब' में विभक्त होगा जिसमें
   (अ) लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type) के अन्तर्गत 8 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें परीक्षार्थी को किन्हीं 05 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का होगा।
   (ब) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type) के अन्तर्गत 5 प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें परीक्षार्थी को किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का होगा।
   (स) प्रत्येक विषय में 25 अंक आंतरिक परीक्षा मूल्यांकन के होंगे।

7. समरूपता के उद्देश्य से प्रत्येक लिखित/प्रायोगिक विषय में 100 अंकों की लिखित/प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें 75 अंक सेमेस्टर के अन्त में सम्पन्न प्रयोगात्मक परीक्षा के तथा 25 अंक आन्तरिक प्रयोगात्मक परीक्षा के होंगे।

8. प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध पहलूओं से अवगत कराकर इसके सफल क्रियान्वयन हेतु दक्षता विकास पर बल दिया जाए। इस हेतु इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अल्पावधिक पाठ्यक्रम के लिए प्राध्यापकों को अभिप्रेरित किया जाए।

9. विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान विभाग द्वारा निर्मित गौण चयनित पाठ्यक्रम (Minor Elective) पाठ्यक्रम को अंगीकृत किए जाने की संस्तुति प्रदान की जाती है।

10. संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा प्रेषित अनुशंसाओं के आधार पर गणित एवं भौतिक विज्ञान के माइनर इलेक्टिव विषय का निम्नवत निर्धारण प्रथम वर्ष के लिए किया जाता है :

    गणित : Differential Calculus

    भौतिक विज्ञान : Elementary Physics I

11. रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन के पाठ्यक्रम संयोजक के पत्रांक 01/मान्यता/2022–23 दिनांक 01.11.2022, जो संकायाध्यक्ष को प्रेषित किया गया है, पाठ्यक्रम में खामियाँ रह जाने के कारण अनुरोध पाठ्यक्रम परिवर्तन का किया गया है।

12. चित्रकला पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ0 प्रीति गुप्ता द्वारा माननीय कुलपति महोदय को संबोधित पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि बी0ए0 प्रथम वर्ष के माइनर इलेक्टिव पाठ्यक्रम का संशोधन किया गया है तथा कौशल विकास पाठ्यक्रम विकसित किया गया है, जिसे सम्मिलित करने की अपेक्षा की गई है।

13. SGPA एवं CGPA पद्धति से क्रेडिट निर्धारण, हस्तान्तरण एवं मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु उचित Software की व्यवस्था की जाए।

14. कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं शुल्क निर्धारण, मान्यता एवं समन्वय हेतु शोध एवं प्रसार प्रकोष्ठ की स्थापना की जाए।

15. प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में एकरूपता रखने हेतु उसे 100 अंक (75 सेमेस्टर परीक्षा– 25 अंक आतंरिक परीक्षा) रखा जाय, चाहे वह 3 या 4 क्रेडिट का हो अथवा 6 क्रेडिट।

16. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2022–23 में प्रवेश पाये छात्रों द्वारा उत्तीर्ण होने के उपरांत द्वितीय वर्ष में मुख्य विषय/मेजर इलेक्टिव विषय परिवर्तन हेतु नियम निर्देशन का निर्धारण किया जाय।

17. प्राचार्य , चमन लाल महाविद्यालय , लंढौरा (हरिद्वार ) द्वारा कुलसचिव /परीक्षा नियंत्रक को संबोधित पत्र में माइक्रोबायोलॉजी को विज्ञान संकाय के समूह 'स' में दर्शाने का अनुरोध किया गया है।